मोर मनोरथु जानहु नीकें। बसहु सदा उर पुर सबही कें ॥1॥
सुफल मनोरथ होहुँ तुम्हारे। रामु लखनु सुनि भए सुखारे ॥2॥

| Ram Katha 933 - मानस मनोरथ || Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 257 | इंदौर, शुक्रवार 29 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Gifts: बिल गेट्स ने दीं पोषण से जुड़ी किताबें, तो PM ने दिए 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट्स, जानें क्या कुछ खास**
2. **टिकट कटने के बाद बोले एसटी हसन: अखिलेश कमजोर नहीं हैं, आजम का करते हैं लिहाज, मुरादाबाद में एक आस्तीन का सांप**
3. **UN: 'उम्मीद है हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी', केजरीवाल की गिरफ्तारी और आगामी चुनाव पर संयुक्त राष्ट्र**
4. **US: एक मंच पर पूर्व-वर्तमान राष्ट्रपतियों की तिकड़ी, इस कार्यक्रम में बाइडन का समर्थन करते दिखे ओबामा-क्लिंटन**
5. **AI: 'मैं टेक एक्सपर्ट नहीं लेकिन इसके लिए बच्चों जैसी जिज्ञासा रखता हूं', बिल गेट्स से बोले पीएम मोदी**
6. **Report: पाकिस्तान को फिर होना पड़ा शर्मिंदा, उसके राष्ट्रीय दिवस समारोह में नहीं शामिल हुआ कोई भारतीय अधिकारी**
7. **Mukhtar Ansari: अंसारी की मौत पर सियासी बवाल शुरू, BSP से लेकर AIMIM ने जहर देने के दावे की जांच की मांग की**

### अवकाश की सूचना

रंगपंचमी की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 30 मार्च 2024 को रंगपंचमी के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।

- **संपादक**

# मप्र के 20 जिलों में 2 दिन बारिश का अलर्ट

## सागर-नर्मदापुरम में आज बूंदाबांदी का अनुमान; भोपाल-इंदौर में गर्मी का असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग ने नर्मदापुरम, रीवा, सागर, दमोह, अनूपपुर समेत करीब 20 जिलों में हल्की बारिश और बादल छाने का अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को सागर, नर्मदापुरम समेत 8 जिलों में मौसम बदला रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है। इससे पहले गुरुवार को पूरे प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। दमोह सबसे गर्म रहा। यहां पारा 42.5 डिग्री दर्ज किया गया। 14 शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर सबसे गर्म रहे। भोपाल में 40.5 डिग्री और जबलपुर में 40 डिग्री तापमान रहा। वहीं, इंदौर में 39 डिग्री, ग्वालियर में 39.1 डिग्री और उज्जैन में 39 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज किया गया।



### इन शहरों में भी पारा 40 डिग्री के पार

गुरुवार को कुल 14 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। बैतूल-खजुराहो में 40.2 डिग्री, सतना में 40.3 डिग्री, मंडला में 40.4 डिग्री, धार में 40.6 डिग्री, रतलाम में 40.8 डिग्री, शिपपुरी में 41 डिग्री, टीकमगढ़ में 41 डिग्री, नर्मदापुरम में 41.3 डिग्री, गुना में 41.6 डिग्री, सागर में 41.6 डिग्री और दमोह में 42.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 35.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### मार्च के आखिरी दिनों में गर्मी का ट्रेंड, इस बार बारिश भी

मार्च के आखिरी दिनों में तेज गर्मी पड़ने का ट्रेंड है। अबकी बार भी ऐसा ही हो रहा है। 28 मार्च को प्रदेश के सभी शहरों में टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी हुई और यह सीजन के सबसे गर्म रहे। इस बार बारिश होने का भी अनुमान है।

### इसलिए बदला मौसम

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार- वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है। वहीं, ट्रफ लाइन भी है। इस वजह से प्रदेश में बादल छा रहे हैं। ऐसा ही मौसम 29 और 30 मार्च को भी रहेगा। 29 मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना है। इसका असर प्रदेश के पूर्वी और मध्य हिस्से में देखने को मिल सकता है।

### दो दिन यहां बारिश का अनुमान

29 मार्च: श्योपुरकलां, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम और नीमच।

30 मार्च: शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडोरी, सिवनी, पांढुर्णा और बालाघाट।

### भोपाल में पहली बार 40 डिग्री के पार टेम्प्रेचर

भोपाल में सीजन में पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुवार को 40.5 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक गर्मी का असर रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, टेम्प्रेचर में गिरावट हो सकती है। दिन का तापमान 36 से 38 डिग्री के बीच रह सकता है।

### सेंट्रल जेल में रोजा इफ्तार का आयोजन

# अपराधों से दूर रहकर नेकी की राह पर चलने की दी नसीहत




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रमजान का मुबारक महीना बुरी आदतों को छोड़ कर नेक राह पर चलने का है। बंदियों ने अपने गुनाहों से माफी की दुआ मांगी। इंदौर की सेंट्रल जेल में सैकड़ों बंदी भी रोजा रख रहे हैं। सेंट्रल जेल में तकरीर के साथ रोजा इफ्तार कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी ने दुआएं मांगी। आयोजक अख़्तर हुसैन ने बताया कि सैकड़ों बंदियों को अपराधों से दूर रहकर नेकी की राह पर चलने की नसीहत दी गई।**

इसमें मुख्य अतिथि शहर काजी डॉ. इशरत अली, सूफी अब्दुल हफीज अशरफी, बाबा सर्वधर्म संघ के प्रमुख मंजूर बेग, जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रेहान शेख, मोहसिन पटेल, आजम खान, समीर खान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ताहिर कमाल सिद्दीकी ने किया।

जेल प्रशासन की तरफ से उपजेल अधीक्षक सुजीत खरे, भूपेंद्र रघुवंशी, इंदरसिंह नागर, सहायक जेल अधीक्षक दिनेश दांगी मौजूद थे। इस मौके पर अतिथियों व जेल अधिकारियों का शॉल पुष्पमाला और गुलदस्ता देकर सम्मान से नवाजा गया। खानकाहे अशरफिया के सज्जादा नशीन सूफी अब्दुल हफीज अशरफी बाबा ने तकरीर की सभी बंदियों ने तकरीर सुनी और साथ में रोजा इफ्तार किया। जेल में मुस्लिम बंदियों के साथ कई हिंदू बंदी भी रमजान माह में रोजा रख रहे हैं। जेल प्रशासन की ओर से इन रोजेदारों को बकायदा इफ्तार भी कराया जाता है। उपजेल अधीक्षक सुजीत खरे ने बताया कि मुस्लिम बंदियों के साथ हिंदू बंदी रोजा रखकर कौमी एकता की अनोखी मिसाल पेश कर रहे हैं। सूफी संत अब्दुल हफीज अशरफीबाबा ने तकरीर में कैदियों से कहा कि रमजान का महीना दिलों को नरम करने के लिए आया है, इसलिए हमारे व्यवहार में नम्रता लाना चाहिए, उन्होंने कहा कि कैदियों को नेक राह से जोड़ने के लिए यह रोजा इफ्तार जेल परिसर में किया गया है, ताकि सजा पूरी होने के बाद जब यह कैदी फिर से समाज के बीच जाएं तो ऐसे कृत्य दोबारा ना दोहराएं जिनसे समाज का नुकसान हो।

### दोबारा अपराध की गलियों में न भटकें

शहर काजी इशरत अली ने कहा कि इस पवित्र रमजान के महीने में अपनी सोच बदलें और दोबारा अपराध की गलियों में भटकने की कोशिश न करें। रोजा इफ्तार से पहले जब दुआ मांगी गई तो कई बंदियों की आंखें नम हो गईं। सभी बंदियों ने एक जाजम पर बैठकर रोजा खोला और मगरिब की नमाज अदा कर देश की खुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही अपराध से दूर रहने का संकल्प लिया।

## मतदान में इंदौर को देश में अव्वल बनाना है : लालवानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। जिस तरह से शहर स्वच्छता से लेकर और कई मापदंडों पर देश भर में प्रथम है, उसी तरह इस बार मतदान में भी इंदौर को अव्वल बनाना है। यह बात लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने महानगर विकास परिषद एवं अहिल्योत्सव समिति द्वारा किए गए सम्मान के उत्तर में कही। अहिल्या सदन में आयोजित इस आयोजन में लालवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा की ओर से सामाजिक संगठन के प्रभारी अशोक अधिकारी ने भी संबोधित किया।**

### लालवानी समिति के सक्रिय कार्यकर्ता रहे

शुरू में संस्था अध्यक्ष अशोक डागा ने स्वागत भाषण में कहा कि लालवानी अहिल्या उत्सव समिति के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं, इसलिए आज हम उनका सम्मान करने जा रहे हैं। आपने 1989 से आज 35 वर्ष से लोकसभा में इंदौर का नेतृत्व अहिल्योत्सव समिति के कार्यकर्ता ही कर रहे हैं, यह संस्था के लिए गौरव की बात है।

### इन्होंने किया सम्मान

इसके पूर्व लालवानी का सम्मान रामस्वरूप मूंदड़ा,राजेश अग्रवाल, कंचन गिदवानी, अनिल भोजे, प्रशांत बड़वे, ज्योति तोमर, देवेंद्र ईनाणी, सौरभ खंडेलवाल, अरविन्द उपाध्याय सहित उपस्थित कार्यकतार्ओं ने किया। संचालन शरयू वाघमारे व प्रकाश पारवानी ने किया एवं आभार सुधीर देड़गे ने माना।

## वरिष्ठ समाजसेवी अशोक पाटनी नहीं रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दिगंबर जैन समाज छावनी व सन्मति हायर सेकंडरी स्कूल के संरक्षक, भारत सरकार के पूर्व गृहमंत्री स्व. प्रकाश चंद सेठी के दामाद अशोक पाटनी (काका) का गुरुवार को निधन हो गया। वे स्व. सेठी की बड़ी पुत्री शकुंतला के पति, अमित एवं संजय पाटनी के पिताजी एवं अजय, विजय पाटनी के चाचा थे। अंतिम यात्रा 29 मार्च को सुबह 9:30 बजे उनके निवास 148, जावरा कंपाउंड से रीजनल पार्क रवाना होगी।



उनका जन्म नागपुर के फूलगांव में 22 जून 1944 को हुआ था। सन्मति हायर सेकंडरी स्कूल की जमीन, माणक चौक के पास की खाली जमीन, जिमखाना क्लब और कई धार्मिक स्थलों की जमीन उन्होंने अपने प्रयासों से शासन से समाज को आवंटित करवाई थी। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा से आग्रह कर गोम्मटगिरि के विकास में भी आपने काफी सहयोग दिया। सन 1993 में महू विधानसभा क्षेत्र से उन्होंने विधायक का चुनाव लड़ा था, किंतु बहुत कम अंतर से वे चुनाव हार गए थे। वे दिगंबर जैन समाज की अनेक संस्थाओं से संबद्ध देश की प्रतिष्ठित शख्सियत थे। समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, जैन समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन सहित सभी पदाधिकारी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दो दिवसीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 मई से

### मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा का आयोजन, प्रविष्टियां आने का दौर शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराजा अग्रसेन सभा की मेजबानी में मां अहिल्या की नगरी में दो दिवसीय उच्च शिक्षित युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 एवं 5 मई को राजीव गांधी चौराहा स्थित मीरा गार्डन पर आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय परिचय सम्मेलन में प्रविष्टियां आने का दौर भी शुरू हो चुका है। सभा द्वारा अभिभावकों की सुविधा के लिए अलग-अलग शहरों में प्रविष्टियां प्राप्त एवं जमा करने के लिए केंद्र भी बनाए हैं वहीं प्रविष्टियां सोशल मीडिया से भी मान्य की जा रही है। परिचय सम्मेलन में 2 हजार से अधिक प्रविष्टियां आने की संभावना है।**

मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराज अग्रसेन सभा संरक्षक गोविंद गोयल, विष्णु बिंदल, डॉ. महेश गुप्ता एवं अध्यक्ष पूनम गर्ग, पदम जैन ने बताया कि सभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का यह 13वां वर्ष हैं। सभा द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में इंदौर सहित अन्य राज्यों के प्रत्याशियों की 450 से अधिक प्रविष्टियां भी प्राप्त हो चुकी हैं साथ ही अन्य प्रत्याशियों की प्रविष्टियां आने का दौर भी जारी है। परिचय सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा एक बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। इसमें अग्रवाल समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवती की फोटोमय जानकारी उपलब्ध रही है। परिचय सम्मेलन के लिए इंदौर सहित अन्य राज्यों में भी केंद्र बनाकर सभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। महासभा ने पालकों की सुविधा के लिए परिचय सम्मेलन की प्रविष्टियां सोशल मीडिया पर भेजने के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया है। सभा के पास बी.काम, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एम.काम, एम.फील, बीएड, एमएड़, सीएस, सीए जैसी उच्च शिक्षित प्रविष्टयां प्राप्त हुई है वहीं अन्य प्रोफेशनल एवं प्रशासनिक सेवा में कार्यरत प्रत्याशियों ने भी अपना पंजीयन परिचय सम्मेलन में करवाया है।

### बैठकों का दौर जारी

राजेंद्र गर्ग ने बताया कि दो दिवसीय परिचय सम्मेलन के लिए सभा द्वारा बैठकों का दौर जारी है। परिचय सम्मेलन में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। असावा चैंबर में नियमित रूप से आयोजित बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी अपने सुझाव भी दे रहे हैं। बैठक के दौरान महावीर गर्ग, अजय अग्रवाल, हरिश्चंद अग्रवाल, गयाप्रसाद तायल, रमेश तायल, विजय बाबु बसंल, डॉ. राकेश गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, रामपिपालिया, ओम जिंदल, दीपेश अग्रवाल, शिवनारायण अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, नरेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मदनलाल गोयल, रमेश गुप्ता, आर एस गोयल, सुरेश गुप्ता, ओमप्रकाश गर्ग, राजकुमार अग्रवाल सहित महिला सभा की पुष्पा ऐरन, चंचल अग्रवाल, प्रज्ञा निलेश अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, ऊर्मिला महावीर गर्ग, ज्योति अग्रवाल, भावना अग्रवाल विद्या जैन, सरोज अग्रवाल, नीलम धानुका, संदीपा-सुनिल अग्रवाल मौजूद थे।

## बेकलेन में कचरा; निगम कमिश्नर ने एनजीओ को लगाई फटकार

### सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने गुरुवार को वार्ड-16 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेक लेन में कचरा पाए जाने पर एनजीओ डिवाइन के प्रतिनिधि को फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। निगम कमिश्नर ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास, देवधरम फिल्टर स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। पल्हर नगर में चेम्बर चोक होने की शिकायत प्राप्त होने पर चेम्बर को खुलवा कर अवलोकन किया। साथ ही सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने प्रेम नगर के पास बस्ती का अवलोकन किया गया। यहां रहवासियों से चर्चा की गई। उन्होंने बताया बारिश में क्षेत्र में जल जमाव की की स्थिति बन जाती है। इस पर उन्होंने जोनल अधिकारी विनोद अग्रवाल बारिश के पूर्व व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा।

## सांई की महिमा का किया गुणगान, भक्तों ने अलसुबह निकाली प्रभातफेरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गुरुवार को सांई भक्त अलसुबह एरोड्रम नगर स्थित अशोक नगर की कॉलोनियों में पहुंचे। जहां अलसुबह सांई भक्तों ने बाबा का अभिषेक पूजन कर प्रभातफेरी निकाली। ओम शिवशक्ति हनुमान मंदिर से निकली प्रभातफेरी आयोजक पं. नर्मदाप्रसाद पुरोहित एवं देवी अहिल्या सांई सोशल भक्त समिति अध्यक्ष भोलासिंह ठाकुर ने बताया कि शंखनाद की ध्वनि से प्रारंभ हुई सांई प्रभातफेरी अशोक नगर की गलियों सहित अन्य मोहल्लों में निकाली।जहां सभी भक्तों ने बाबा की आरती व पूजन कर आशीर्वाद लिया। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। भजन गायक भी सांई के भजन गाते हुए मार्ग में चल रहे थे। प्रभातफेरी के दौरान मातृशक्तियां भी सांई की महिमा का गुणगान कर रही थी। बाबा की अगवानी में रहवासियों ने अपने घरों के बाहर रंगोली और दीप भी रोशन किए। अध्यक्ष भोलासिंह ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार, 29 मार्च को प्रजापत नगर 180 सेक्टर-ई से सांई बाबा की प्रभातफेरी सुबह 5.30 बजे निकाली जाएगी। प्रभातफेरी आयोजक रितेश दशोंधी हैं। सांई बाबा महोत्सव 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसमें शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से सांई बाबा की प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

# रंगपंचमी गेर की परंपरा नहीं टूटेगी, बदलाव का फैसला वापस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 30 मार्च को रंगपंचमी पर निकलने वाली पांच गेर का क्रम अब नहीं बदलेगा। यानी 75 साल पुराना रिवाज कार्यक्रम रहेगा। सभी गेर अपने पुराने क्रम और टाइमिंग से निकलेगी। एक सप्ताह पहले प्रशासन ने बदलाव किया था लेकिन अब उसे वापस ले लिया है।**




आयोजकों शेखर गिरी, कमलेश खंडेलवाल आदि ने बताया हमेशा की तरह रंगपंचमी पर टोरी कॉर्नर की गेर सबसे आगे ही रहेगी। इखढ विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्यसिंह की राधाकृष्ण फागयात्रा पूर्ववत तीसरे नंबर पर आएगी। बता दें कि बदलाव यह किया जा रहा था कि विधायक की बेटे की फागयात्रा को सबसे पहले कर दिया था। टोरी कॉर्नर को पहले नंबर से पीछे करते हुए दूसरे नंबर पर किया जा रहा था। टोरी कॉर्नर यात्रा आयोजकों ने इस पर ऐतराज भी जताया था और इसे परंपरा टूटने वाली बात कही थी।

### छतों पर बैठने की बुकिंग कर सकेंगे आम लोग

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया इस बार रूट पर आने वाले घरों की छतों पर अन्य लोग (विदेशी समेत) बुकिंग करके गेर का आनंद ले सके, यह प्रयोग भी किया है। इसके लिए छत मालिक की सहमति आवश्यक होगी। अभी तक 150 स्थानों को चिह्नित किया है। बुकिंग के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाया है, जिसे लांच किया जा रहा है। गेर में मुख्यमंत्री मोहन यादव का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

### दोबारा हुई बैठक में वापस लिया फैसला

सूत्रों के अनुसार पहले लिए गए फैसले से कुछ गेर आयोजक संतुष्ट नहीं थे। ऐसे में गुरुवार को दोबारा हुई बैठक में भी यह मुद्दा उठा। टोरी कॉर्नर गेर के आयोजक शेखर गिरी ने परंपरा को यथावत रखने का अनुरोध किया था। कहा कि गेर का जो कार्यक्रम पारंपरिक है, उसे नहीं बदला जाना चाहिए। इसके बाद बदलाव का फैसला वापस ले लिया गया है। अब गेर की शुरूआत पहले की तरह टोरी कॉर्नर की गेर से ही होगी। दूसरे नंबर पर मॉरल, तीसरे पर हिन्द रक्षक, चौथे पर संगम कॉर्नर और पांचवें पर रसिया की गेर रहेगी।

# खेतों में पराली जलाने से नुकसान

### किसानों से अपील; बायो डिकम्पोजर कैप्सूल का करें उपयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लगातार खेतों में पराली जलाने से खेतों की उर्वरक क्षमता नष्ट हो रही है। इसे लेकर इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट (कअफक) ने किसानों से अपील की है कि वे इसके लिए बायो डिकम्पोजर कैप्सूल का उपयोग करें।**

पिछले कई दिनों से केंद्र द्वारा मालवा के किसानों को समय-समय पर दिशा निर्देश और सावधानियां बरतने के लिए उपाय बताए जा रहे हैं। फिलहाल रबी की फसल कट गई है। उसके ठूट (पराली) जो खेत में बचे हैं उसे किसान जला रहे हैं। इससे भारी नुकसान होने की आशंका होती है। दरअसल इससे खेतों की नमी और उर्वरक क्षमता नष्ट होती है। ऐसे में जैविक खेती नहीं हो सकती है। पराली जलाने से खेतो में तापमान बढ़ जाता है। लम्बे समय तक खेतों में पराली जलाने से उपजाऊ जमीन बंजर होने लगती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचएल खापडिया ने बताया कि केंद्र द्वारा पराली को नष्ट करने के लिए बायो डिकम्पोजर कैप्सूल इजाद किया है। किसान ऑनलाइन भी इसे मंगवा सकते हैं। किसान खेतों में नमी कर कैप्सूल का दवाई के रूप में छिड़काव कर सकते हैं। स्प्रे करने से पराली नष्ट होकर ऑर्गेनिक का काम करती है। इससे आने वाले नुकसान से बचा जा सकता है।

# 16 कॉलोनियों के रहवासियों का मिलन समारोह

### महिलाएं संभालेंगी सारी व्यवस्थाएं, लोक परिवहन का करेंगे प्रयोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की 16 कॉलोनियों का पहला स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार, 29 मार्च को शाम 5 बजे से न्यू आर.टी.ओ. रोड स्थित वरुण विक्ट्री गार्डन पर होगा। 16 कॉलोनियों के 500 परिवारों की बैठक पूर्व पार्षद समाज सेवी अरविंद बागड़ी की अध्यक्षता में वरुण विक्ट्री गार्डन पर संपन्न हुई। इसमें सभी रहवासियों ने सवार्नुमति से निर्णय लिया कि महोत्सव में भाग लेने हेतु 16 कॉलोनियों के रहवासी कार्यक्रम स्थल तक लोक परिवहन के साधनों का प्रयोग करेंगे, महोत्सव की सभी व्यवस्थाएं मातृशक्ति संभालेंगी और मिलन समारोह में गुलाल एवं पानी का प्रयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। केवल इत्र एवं फूलों की ही होली खेली जाएगी। स्नेह भोज में भी जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प लिया जाएगा। बैठक में मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विकास मित्तल, मनीष सिंघल, शिव गोयल, दिनेश मित्तल, पवन गोयल, शुभम अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, पार्षद कुणाल सोलंकी, अनिल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, रमेशचंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# निगम कमिश्नर ने एनजीओ को लगाई फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने गुरुवार को वार्ड-16 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेक लेन में कचरा पाए जाने पर एनजीओ डिवाइन के प्रतिनिधि को फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। निगम कमिश्नर ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास, देवधरम फिल्टर स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। पल्हर नगर में चेम्बर चोक होने की शिकायत प्राप्त होने पर चेम्बर को खुलवा कर अवलोकन किया। साथ ही सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने प्रेम नगर के पास बस्ती का अवलोकन किया गया। यहां रहवासियों से चर्चा की गई। उन्होंने बताया बारिश में क्षेत्र में जल जमाव की की स्थिति बन जाती है। इस पर उन्होंने जोनल अधिकारी विनोद अग्रवाल बारिश के पूर्व व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा।

# आर्टिफिशियल आइटम के नाम पर ठगी

### पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

**इंदौर।** व्यापार में ठगी के दो मामले सामने आए हैं। एक व्यापारी को आढतिए ने गुजरात का आर्टिफिशियल माल भेजने के नाम पर ठग लिया वहीं दूसरे मामले में प्लास्टिक दाने के नाम पर दुबई के एक श स ने भी ठग लिया। पलासिया पुलिस के मुताबिक सरभी मनोचा की शिकायत पर गिरीश भीमजी निवासी भुज के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि उसने सरभी को गुजरात क'छ का हस्तशिल्पी का माल भेजने का झांसा दिया और खाते में &5 हजार रुपए डलवा लिए। बाद में न माल दिया और न ही रुपए वापस लौटाए। वहीं दूसरे मामले में तुकोगंज पुलिस ने बताया कि रौनक निवासी दुबई के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है उसे एक फर्म ने प्लास्टिक दाना आयात करने के नाम पर एडवांस दिया था बाद में उसने न तो माल दिया और न ही एडवांस दिए रुपए लौटाए।

### कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# इंदौर ट्रॉफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चर्चा

**इंदौर। इंदौर के बढ़ते हुए ट्रॉफिक को देखते हुए ट्रॉफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में ट्रॉफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के संबंध में अधिकारियों से सुझाव लिये गये। अधिकारियों से कहा गया कि वे भविष्य की जरूरतों का आकलन कर अपने विभाग से संबंधित प्लान तैयार करें।**



बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि भविष्य की जरूरतों का हमको अभी से आकलन करना होगा। भविष्य की जरूरतों के मान से प्लान तैयार करने की आवश्यकता है। बैठक में लोक परिवहन व्यवस्था को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के संबंध में भी चर्चा हुई। कहा गया कि इंदौर की सिटी बस व्यवस्था को आर्थिक रूप से उपयोगी बनाये जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाये। साथ ही बायपास को आसानी से पार कर बिचौली हप्सी तथा कनाड़िया तक कैसे पहुंचा जा सके इसके लिये भी प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गये। शहर की जरूरत के हिसाब से सड़को और चौराहों के चौड़ीकरण, ओवर ब्रिज निर्माण आदि पर भी चर्चा हुई।

# निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय भण्डारण और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाई जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई बैठक में निर्देश दिये हैं कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, भण्डारण और परिवहन पर सख्ती से रोक लगायी जाये। डिस्टलरी की निगरानी व्यवस्थाओं को भी बेहतर रखा जाये। उड़नदस्तों को लगातार सक्रिय रखा जाये। कहीं भी मदिरा का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भण्डारण अथवा परिवहन नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाये। निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाये। संभागायुक्त श्री सिंह धार से वीसी में शामिल हुए। इस बैठक में पुलिस आयुक्त इंदौर राकेश गुप्ता, आईजी ग्रामीण इंदौर श्री अनुराग, अपर आयुक्त वाणिज्यिककर श्रीमती रजनी सिंह सहित डीआईजी ग्रामीण इंदौर एवं खरगोन, संभाग के जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक, आबकारी और जीएसटी के संभागीय/जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि इंदौर संभाग में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के लिये चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रखी जायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह से कोई भी मतदाताओं को प्रलोभित या प्रभावित नहीं कर सकें। मतदाता निर्भिक होकर बगैर प्रलोभन के मतदान कर सकें। निगरानी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखा जाये। मदिरा दुकानों, बाटलिंग प्लांट, डिस्टलरी पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जाये।

# मुरैना के चक्कर में अटका ग्वालियर का उम्मीदवार

## 3 सीटों पर तय नहीं हो पाए कांग्रेस के कैंडिडेट, खंडवा में पिक्चर क्लियर नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। MP की 29 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 28 पर चुनाव लड़ रही है। खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी गई है। अब तक 3 बार में कांग्रेस 25 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। 3 सीटों पर कैंडिडेट्स को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पाई है। ग्वालियर, मुरैना और खंडवा में कांग्रेस के नामों को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है।**

### ठाकुर-पंडित के चक्कर में मुरैना का मामला उलझा

चंबल अंचल की 2 सीटों पर अब तक कांग्रेस कैंडिडेट्स का फैसला नहीं कर पाई है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी मुरैना में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय को उतारने के पक्ष में हैं। कांग्रेस के कई लीडर पूर्व विधायक नीटू सिकरवार को लड़ाने की पैरवी कर रहे हैं। पटवारी खेमे का तर्क है कि बीजेपी ने ठाकुर उम्मीदवार उतारा है। ऐसे में कांग्रेस का कैंडिडेट्स ब्राह्मण वर्ग से उतारने पर दूसरे समाजों के वोट मिल सकेंगे। वहीं, नीटू के लिए लॉबिंग कर रहे नेताओं का तर्क है कि मुरैना लोकसभा में ठाकुर वोटर निर्णायक हैं। सिकरवार परिवार का अच्छा खासा प्रभाव है। नीटू सिकरवार के चाचा वृंदावन सिंह सिकरवार 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार थे और 2,42,586 वोट लेकर दूसरे नंबर पर रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविंद सिंह तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे। ऐसे में नीटू को लड़ाने से ठाकुर वोट कांग्रेस को मिल सकते हैं। वहीं, ओबीसी वर्ग से जसवीर सिंह गुर्जर दिल्ली दरबार से जोर लगा रहे हैं।

### ग्वालियर में भितरघात और विरोध की आशंका

ग्वालियर सीट पर मुरैना के कारण फैसला नहीं हो पा रहा है। मुरैना में यदि जौरा विधायक पंकज उपाध्याय को उतारा जाता है तो ग्वालियर में नीटू सिकरवार को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। नीटू के बड़े भाई सतीश सिकरवार ग्वालियर से लड़ाने के पक्ष में नहीं हैं। सिकरवार परिवार को भितरघात और विरोध की आशंका है। पार्टी में पूर्व विधायक प्रवीण पाठक के नाम पर भी मंथन चल रहा है। मुरैना में पंकज उपाध्याय को उम्मीदवार बनाने की स्थिति में ग्वालियर से ब्राह्मण कैंडिडेट्स उतारे जाने की संभावना कम है। ग्वालियर में ओबीसी कैंडिडेट्स के तौर पर पूर्व सांसद रामसेवक सिंह गुर्जर, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव और मितेन्द्र दर्शन सिंह के नामों पर चर्चा जारी है।

### खंडवा में कोई मजबूत नाम नहीं

कांग्रेस सूत्रों की मानें तो खंडवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस किसी दमदार नाम को लेकर फैसला नहीं कर पाई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को आलाकमान खंडवा से लड़ाने के पक्ष में है, लेकिन वे गुना से लड़ना चाहते थे। अब गुना में राव यादवेन्द्र यादव के उम्मीदवार बनने के बाद खंडवा में अरुण यादव, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूनम पटेल और सुनीता के नामों पर मंथन चल रहा है।

### तीनों सीटों के चुनाव परिणाम

मुरैना लोकसभा में 1996 से लगातार बीजेपी के उम्मीदवार जीत दर्ज करते आ रहे हैं। 2008 के पहले यह सीट एससी के लिए आरक्षित थी, लेकिन 2009 में यह अनारक्षित हो गई। 1991 में आखिरी बार कांग्रेस के बारेलाल जाटव कांग्रेस के सांसद चुने गए थे

### ग्वालियर में 5 बार से हार रही कांग्रेस

ग्वालियर लोकसभा में कांग्रेस पिछले 4 चुनावों से हार रही है। 2004 में रामसेवक सिंह गुर्जर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। उसके बाद से लगातार बीजेपी के उम्मीदवार जीत रहे हैं। पिछले 4 चार चुनावों से अशोक सिंह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 4 चुनावों के बाद अब अशोक सिंह के अलावा नया चेहरा उतारा जाएगा।

# दूषित पानी से फैला पीलिया

## 15 बीमार:पांढुर्ना के खेड़ीकला में कलेक्टर की फटकार के बाद पहुंची टीम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाडा। पांढुर्ना जिला मुख्यालय से महज सात किमी दूर खेड़ीकलां में दूषित पानी ने ग्रामीणों की सेहत बिगाड़ दी है। लगातार दूषित पानी के सेवन से गांव के 15 लोग पीलिया के शिकार हो चुके हैं। इनमें से पांच को सिविल अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है।**

गुरुवार को ग्रामीणों ने मरीजों की सूची के साथ कलेक्टर अजय देव शर्मा से शिकायत की थी। कलेक्टर की फटकार के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम खेड़ीकलां पहुंची थी। ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पाइप का वॉल्व लीक होने से लोगों के घरों में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे वे बीमार पड़ रहे है।

### विभागों ने नहीं ली सुध

ग्रामीणों की माने तो विगत 20 दिनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। शिकायत के बाद भी पंचायत, जनपद, स्वास्थ्य अमले ने सुध नहीं ली है। बीमारों की संख्या बढ़ने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से ही शिकायत की है।

### आज जाएगी पीएचई की टीम

पीएचई के सहायक यंत्री सुभाष गाड़गे का कहना है कि इस मामले की जानकारी मुझे देर शाम को मिली थी। पेयजल सप्लाई की जवाबदारी पंचायत की है। शुक्रवार को लीकेज बॉल्व की मरम्मत कराई जाएगी। इसके अलावा पानी का सैंपल लिया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

# पूर्व सांसद, दो पूर्व विधायकों ने जॉइन की बीजेपी

## CM मोहन बोले- बडिंग का जमाना है, एक पेड़ पर दूसरा पौधा लगाया जाता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भिंड के पूर्व सांसद और बसपा के स्टार प्रचारक डॉ. रामलखन सिंह कुशवाह, पाटन के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी व खरगापुर के पूर्व विधायक अजय यादव ने गुरुवार को बीजेपी जॉइन कर ली। प्रदेश भाजपा कार्यालय में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, न्यू जॉइनिंग टोली के प्रभारी डॉ. नरोत्तम मिश्रा और सह प्रभारी संजय पाठक ने तीनों नेताओं को सदस्यता दिलाई।**

इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- मध्यप्रदेश के हर अंचल में भाजपा का परिवार बढ़ रहा है। आज पूर्व सांसद रामलखन सिंह कुशवाह भाजपा में शामिल हुए हैं। वे बसपा के स्टार प्रचारक भी थे। सीएम ने कहा- मेरे साथ 2013 से 2018 तक विधायक रहे नीलेश अवस्थी आज भाजपा के परिवार में शामिल हो रहे हैं। आप परिवार में ही थे, कोपल कहीं और फूट गई थी, अब वापस अपने परिवार में आए हैं।

आजकल बडिंग का जमाना है, एक पेड़ में दूसरा पौधा लगाया जाता है। जैसे ग्राफ्टिंग होती है। ये परमात्मा की कृपा से नरेंद्र मोदी की राजनीति और भाजपा की विचारधारा के तो आप हैं ही।




### आपके सुझावों का पालन करेंगे- डॉ. मोहन यादव

सीएम ने कहा- अजय यादव आपके लिए तो हमने पहले ही कहा था। आज आप हमारे साथ आए हैं। ये आश्वस्त करता हूं कि सरकार के अंदर आपके जो उपयोगी सुझाव होंगे, उनका पालन करेंगे। जनता की सेवा करने के लिए आपका उपयोग करेंगे। जिस क्षेत्र में आप जहां हैं, पार्टी वहां आपका उपयोग करेगी।

### अजय विश्नोई नाराज नहीं- नीलेश अवस्थी

नीलेश अवस्थी ने कहा- मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि कहीं न कहीं मेरी दिशा और दशा ठीक नहीं है। मैंने विचार किया और सोशल मीडिया, व्यक्तिगत तौर पर अपने क्षेत्र की जनता से सुझाव लिए। मुझे अपने क्षेत्र की जनता ने फीडबैक दिया कि आपका जो भाव है उस पर हम सहमति व्यक्त करते हैं। आप मोदी परिवार के सदस्य बनकर आएंगे तो अंतिम पंक्ति के लोगों की सेवा हो सकेगी।

अजय विश्नोई के ट्वीट को लेकर नीलेश अवस्थी ने कहा- उनसे हमारे पारिवारिक संबंध हैं। वो हमारे साथ चुनाव लड़े हैं। उन्होंने मेरा स्वागत किया है। मैं किसी प्रलोभन से बीजेपी में नहीं जुड़ रहा हूं। मैं सेवा करने के उद्देश्य से बीजेपी में जुड़ा हूं। पार्टी जो दायित्व देगी, उस पर खरा उतर कर दिखाऊंगा। क्षेत्र की जनता एक बार मुझे विधायक बना चुकी है। मैं कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुआ हूं।

### लगातार बढ़ रहा परिवार- वीडी शर्मा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि रामलखन सिंह भिंड का क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान है। वो बसपा के राष्ट्रीय स्तर के स्टार प्रचारक हैं। नीलेश अवस्थी भाजपा के परिवार में शामिल हो रहे हैं। हमारा परिवार लगातार बढ़ रहा है।

### बडिंग क्या है?

बडिंग या ब्लास्टोजेनेसिस एक प्रकार का अलैंगिक प्रजनन है, जिसमें एक विशेष स्थान पर कोशिका विभाजन के कारण एक नए जीव का विकास या कली से होता है।

# भोपाल में 3 महीने में 6,728 डॉग बाइट के मामले

## 2 साल में पहले कभी इतने केस नहीं; बच्चों को ज्यादा शिकार बना रहे कुत्ते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। गर्मी बढ़ते ही भोपाल में डॉग बाइट यानी, आवारा कुत्तों के शिकार के मामले बढ़ गए हैं। पिछले 3 महीने में आंकड़े हैरान करने वाले हैं। जनवरी, फरवरी और मार्च में ही 6 हजार 728 लोगों को कुत्ते अपना शिकार बना चुके हैं। पिछले 2 साल के आंकड़ों के मुकाबले यह 50% से अधिक है। 2 साल में कभी इतने केस सामने नहीं आए।**

जेपी और हमीदिया हॉस्पिटल में डॉग बाइट के 70 से 80 मामले हर रोज पहुंच रहे हैं। कुछ इलाकों में कुत्तों की संख्या ज्यादा बढ़ गई है, जो बड़ों को ज्यादा शिकार बना रहे हैं।



ताजा और बड़ा मामला 19 मार्च का है। गंगानगर बाणगंगा इलाके में 6 साल के हुमेर का जबड़ा ही कुत्तों ने नोंच दिया था। उसे 20 टांके लगे थे और 4 दिन तक वह कुछ नहीं खा पाया था। हुमेर पिछले 10 दिन से कमला नेहरू हॉस्पिटल में भर्ती है। उसकी सर्जरी भी होगी।

### रिपोर्ट के अनुसार- इस बार अधिक मामले

भोपाल में पिछले 2 साल की तुलना में इस बार कुत्तों के काटने के मामले ज्यादा हुए हैं। विभिन्न अस्पतालों से मिली रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में कुत्ते काटने की कुल 8 हजार 124 घटनाएं हुई थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 16 हजार 387 हो गई। इस साल जनवरी, फरवरी और मार्च में 6 हजार 728 घटनाओं की रिपोर्ट आ चुकी है। इधर, पेट लवर्स का कहना है कि कई बार लोग भी कुत्तों को परेशान करते हैं, इसलिए वे काटने दौड़ते हैं। इसके अलावा नगर निगम भी नसबंदी के सही इंतजाम नहीं कर रहा है।

### सीवियर डॉग बाइट पीड़ित को वैक्सीन के स्थान पर लगाते हैं इम्युनोग्लोबिन इंजेक्शन

गांधी मेडिकल कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जीवन सिंह मीना ने बताया कि डॉग बाइट से गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को इम्युनोग्लोबिन, इंजेक्शन के मार्फत दिया जाता है। यह एंटीबॉडी होती है। इससे डॉग बाइट पीड़ित व्यक्ति को रैबीज होने का खतरा कम हो जाता है। सीवियर डॉग बाइट का अर्थ व्यक्ति के शरीर में कुत्ते के दांत व्यक्ति के ब्लड तक पहुंचने से है। बकौल डॉ. मीना डॉग बाइट के बाद एंटी रैबीज वैक्सीन संबंधित व्यक्ति को लगाई जाती है। यह वैक्सीन 10 से 12दिन के भीतर व्यक्ति के ब्लड में एंटी रैबीज एंटीबॉडी बनाती है। डॉग बाइट पीड़ित उन लोगों को इम्यूनोग्लोबिन देने की जरूरत होती है, जिनके चेहरे, हाथ, गर्दन में गहरा डॉग बाइट होता है।

Maharashtra

# बॉम्बे HC ने रेप के आरोपी को दी जमानत, कहा- 'भीड़भाड़ और दिन के उजाले में नहीं हो सकता बलात्कार'

**मुंबई, (एजेंसी)** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बलात्कार के आरोपी चौकीदार को जमानत दे दी है. अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े आरोपी पीड़िता से रेप नहीं कर सकता. इस मामले में पॉक्सो एक्ट लगाने का सवाल नहीं उठता, क्योंकि कथित अपराध के वक्त पीड़िता बालिग थी. आरोपी को जमानत देते हुए न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कोई भी समझदार व्यक्ति इस बात पर विश्वास नहीं करेगा कि ईद-अल-फितर के दिन भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े आरोपी पीड़िता से दुष्कर्म करेगा. पीठ ने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने अभी तक कोई आरोप तय नहीं किया है और मुकदमे को उसके



तार्किक अंत तक लाने की कोई संभावना नहीं है. इस के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत दे दी.

न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ एक बिल्डिंग के चौकीदार द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जहां पीड़िता नौकरानी के रूप में काम करती थी. अभियोजन पक्ष का मामला ये था कि दोनों के बीच दोस्ती हुआ जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई. अभियोजन पक्ष ने अपनी याचिका पर आरोप लगाया कि चौकीदार हमेशा पीड़िता का पीछा कर रहा था और उसे मैसेज कर लगातार फोन कर रहा था. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 14 मई, 2021 को जब वो आरोपी के साथ जुहू चौपाटी गई थी तो आरोपी ने उससे यौन संबंध बनाने के लिए कहा, जिस पर पीड़िता ने इनकार कर दिया. हालांकि, आरोपी उसे धमकी देते हुए जबरन समुद्र की ओर ले गया और पत्थरों के पीछे उसके साथ बलात्कार किया.

Bihar

**बिहार में हैवानियत**

## पत्नी समेत 3 बेटियों की गला काटकर हत्या, घर छोड़कर फरार आरोपी पति

**पूर्वी चंपारण, (एजेंसी) बिहार के मोतिहारी जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. जब पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना पहाड़पुर के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम दिया गया। चार लोगों की हत्या का इल्जाम महिला के पति पर लग रहे हैं। घटना के बाद से आरोपी पति फरार हो गया है।**

घटना के बाद से आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है। मृतकों में अफरीना खातून(40), अबरुन खातून(13), तबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) हैं। जिनकी बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना का कारण अब तक स्पष्ट नहीं सका है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी।पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं।

वहीं दूसरी पत्नी से पांच बच्चियां हैं। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार एक बच्ची को ट्रेन से फेंक उसने पूर्व में मार डाला था। वह जेल भी जा चुका है। मृतका का मायका पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर का झखरा गांव में है। मौके पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार पहुंच मामले की छानबीन में जुटे हैं।एक साथ चार की दर्दनाक मौत से ग्रामीण स्तब्ध हैं।

बताजा जा रहा है कि किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद भौखलाए पति ने सोते वक्त पत्नी और तीन बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। चार लोगों की हत्या की खबर जब गांव में फैली तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घटना की खबर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

Uttarpradesh

## मामा ससुर संग दिल लगा बैठी बहू, अवैध संबंध में रोड़ा बन रहे पति का प्रेमी से करा दिया मर्डर

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** मामा ससुर के साथ अवैध संबंध में पड़ी एक पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतार दिया।मृतक इनके अवैध संबंधों में रोड़ा बन रहा था। इस हत्याकांड को अंजाम देने के लिए पत्नी को ससुराल से फोन पर अपने प्रेमी को पति की लोकेशन की जानकारी दी थी। गुरुग्राम पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम सेक्टर-10ए थाना पुलिस ने गला घोंटकर पति मुकेश (40) की हत्या करने के आरोप में पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय सीमा और 25 वर्षीय शेखर के रूप में हुई है। आरोपी प्रेमी शेखर मृतक मुकेश का दूर के रिश्ते का मामा है। मूलरूप से राजस्थान के धौलपुर का रहने वाला शेखर गुरुग्राम में कैब चलाता था। एसीपी अपराध वरुण दहिया ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि मृतक मुकेश अपनी पत्नी सीमा के साथ बसई एंक्लेव में किराये के मकान में रहता था। शेखर मृतक मुकेश का दूर के रिश्ते का मामा लगता था।

Jammu & Kashmir

## जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा, खाई में गिरी कैब, 10 लोगों की मौत

**श्रीनगर, (एजेंसी) श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे पर रामबन के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. इस सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है. हादसे में जानकारी मिलते ही पुलिस, SDRF और रामबन सिविल QRT टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. टीम ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है.**

बताया जा रहा है कि जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास जम्मू श्रीनगर नेशनल हाईवे पर गहरी खाई में गिर गई. कैब से यात्रा कर रहे कई यात्रियों की मौत की आशंका है. हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंच गई है. सुबह-सुबह टीम ने बचाव अभियान शुरू किया गया था, जिसमें टीम अब तक 10 लोगों के शव को बरामद कर चुकी है. पर इलाके में गहरी खाई, अंधेरा है और लगातार बारिश हो रही है. पुलिस ने बताया कि लगभग सवा एक बजे इस हादसे की घटना की सूचना मिली थी. सूचना मिली थी कि जम्मू से कश्मीर की ओर यात्रियों को ले जा रही टैक्सी (टवेरा) नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई.

एसएचओ पीएस रामबन, पुलिस टीम, एसडीआरएफ टीम और सिविल क्यूआरटी रामबन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया. अब तक गहरी खाई में 10 शव बरामद हो चुके हैं. उन्हें स्थानांतरित किया जा रहा है, क्योंकि इलाका काफी मुश्किल है और लगातार बारिश हो रही है.

खेल

# रोमांचक मैच में राजस्थान ने आईपीएल में दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया**

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुरुवार को खेले गए मैच में संजू सैमसन की टीम ने मेहमानों को 12 रन से हरा दिया। राजस्थान ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 185 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 173 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2024 में लगातार दूसरी शिकस्त मिली है। इससे पहले पंजाब किंग्स ने दिल्ली को चार विकेट हराया था। राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत के साथ अपने नेट रनरेट में सुधार कर लिया है। चार अंकों और 0.800 के नेट रनरेट के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। दिल्ली और मुंबई दो ऐसी टीमें हैं जिन्हें अब तक इस टूर्नामेंट में अब तक कोई जीत नहीं मिली है।



दिल्ली की इस मैच में अच्छी शुरुआत हुई थी। डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी हुई जिसे बर्गर ने चौथे ओवर में तोड़ा। मार्श 12 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 23 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद टीम को दूसरा झटका रिकी भुई के रूप में लगा जिन्हें बर्गर ने अपने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर शिकार बनाया। तीन गेंदों में उन्हें दो सफलता मिली। भुई बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

30 रन के स्कोर पर दिल्ली ने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद डेविड वॉर्नर औ ऋषभ पंत के बीच अच्छी साझेदारी हुई। तीसरे विकेट के लिए दोनों ने 67 रन की पार्टनरशिप की। वॉर्नर ने 34 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रन बनाए। वहीं, कप्तान पंत 28 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्हें चहल ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद दिल्ली को पांचवां झटका अभिषेक पोरेल के रूप में 122 रन के स्कोर पर लगा। चहल ने अपनी घातक गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए उन्हें 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर लौटा दिया। वह सिर्फ नौ रन बना सके।

इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल ने टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे। दोनों के बीच 51 रन की नाबाद साझेदारी हुई। स्टब्स ने 191.30 के स्ट्राइक रेट से 44 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 15 रन बनाए। राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, आवेश खान को एक सफलता मिली। आखिरी ओवर में इस गेंदबाज ने सिर्फ चार रन खर्च किए।

सिनेमा

# जब गोविंदा ने कहा था, राजनीति में आने का अनुभव इतना बुरा था, भूलने में मेरे कई साल बीते

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा फिर से राजनीति का हिस्सा बन गए हैं. एक्टर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना को जॉइन किया है. हालांकि गोविंदा पहले कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़ चुके हैं. लेकिन उन्होंने अपने उस अनुभव को खास नहीं बताया था. गोविंदा 43 साल के थे जब उन्होंने राजनीति में कदम रखा था. एक्टर ने बताया था कि वो इसे अपनी बेहतरीन पारी नहीं मानते और उसे भूल जाने में यकीन रखते हैं. सालों बाद गोविंदा की राजनीति में वापसी हो गई है. वो लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं. एक्टर ने शिवसेना पार्टी को जॉइन किया है. गुरुवार को महाराष्ट्र सीएम शिंदे ने उन्हें अपनी पार्टी शिवसेना की सदस्यता दिलाई. हालांकि 2016 में गोविंदा ने एक बातचीत के दौरान बताया था कि उनका पॉलिटिक्स में वापसी करने का कोई मन नहीं है. बल्कि उनका अनुभव इतना खराब रहा था कि इसे भूलने में भी उन्हें कई साल लग गए थे. उनके मन पर इस राजनीतिक पारी ने गहरा असर



छोड़ा था. गोविंदा ने कहा था कि मुझे 9 से 10 साल लगे थे इससे बाहर निकलने में और पॉलिटिक्स के दिनों को भूल जाने में. उन्होंने पत्रकारों से रिक्वेस्ट करते हुए कहा था कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस बारे में मुझसे कुछ भी ना पूछें. वहीं TOI को दिए इंटरव्यू में गोविंदा ने एक्टर्स के पॉलिटिक्स जॉइन करने पर सवाल उठाए थे. गोविंदा ने कहा था कि हम एक्टर्स राजनीति में नहीं रह सकते हैं. अगर आप पॉलिटिक्स पर फोकस करते हैं तो आपका करियर खत्म हो जाएगा.

# संपादकीय

## संवाद से अधिक मनोरंजन का उपकरण

कोई भी स्वस्थ समाज और जिम्मेदार तंत्र न तो आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार की इजाजत दे सकता है और न उसके निर्माण को प्रोत्साहन। मगर असल जिम्मेदारी तो यूट्यूब जैसे मंचों का उपयोग करने वाले उपभोक्ता की बनती है कि वे सामग्री निर्माण में विवेक का उपयोग करना सीखें। जब तक इस जिम्मेदारी का बोध पैदा नहीं होता, यूट्यूब जैसे मंच संचालित करने वालों से सतर्कता की अपेक्षा बनी रहेगी। देखा गया है कि जबसे मोबाइल फोन संवाद से अधिक मनोरंजन का बड़ा उपकरण बनता गया और यूट्यूब जैसे मंचों पर हर किसी को अपनी रचनात्मक गतिविधियां परोसने की सुविधा प्राप्त हुई है, तबसे दुनिया भर में लाखों-लाख लोग बिना कुछ सोचे-समझे केवल शोहरत बटोरने या कुछ कमाई करने के लोभ में अनावश्यक सामग्री परोसने लगे हैं। हालांकि यूट्यूब जैसे मंचों ने लोगों को बिना कोई शुल्क लिए गीत-संगीत, नृत्य-नाट्य आदि की प्रस्तुतियां परोसने की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो इसका यह अर्थ नहीं कि सामग्री को लेकर उनका कोई नियम-कायदा नहीं है। मगर बहुत सारे लोग उन नियम-कायदों का ध्यान नहीं रखते और अक्सर अश्लील मानी जाने या दूसरों को आहत करने, जानबूझ कर किसी को अपमानित करने वाली सामग्री डालते रहते हैं। हालांकि नियम-कायदों के उल्लंघन पर यूट्यूब का तंत्र खुद ऐसी सामग्री की छंटाई कर देता है, फिर भी लोग बाज नहीं आते। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यूट्यूब ने दिसंबर के बाद के तीन महीनों में दुनिया भर में नब्बे लाख ऐसे वीडियो हटाए, जो उसके नियम-कायदों का उल्लंघन करते थे। उनमें सबसे अधिक भारत से परोसे गए वीडियो थे। ऐसे वीडियो की संख्या बाईस लाख से ऊपर थी। दरअसल, मोबाइल के रूप में लोगों को एक ऐसा उपकरण हाथ लग गया है, जिसके जरिए बहुत आसानी से वीडियो बनाए और संपादित कर प्रसारित किए जा सकते हैं। अनेक अध्ययनों से जाहिर हो चुका है कि भारत बड़ी आबादी वाला देश होने और तेजी से इंटरनेट उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के चलते मनोरंजन के नाम पर न केवल आपत्तिजनक और अविवेकपूर्ण सामग्री का उत्पादन बढ़ा है, बल्कि उनके उपभोक्ता भी बढ़ रहे हैं।

अर्ज किया है..!

*जिसे कहते हो तुम*
*इक क़तरा-ए-अश्क*
*मिरे दिल की*
*मुकम्मल दास्ताँ है*

*- राशिब मुरादाबादी*



**हमें किसी के भी साथ किसी भी तरह की प्रतियोगिता करने की कोई जरूरत नहीं है। हम जैसे हैं अच्छे हैं। हमें अपने आप को स्वीकार करना चाहिए।**

**-ओशो**

## महिला जगत

# जिंदगी में कब कितने विटामिन हैं जरूरी, हर महिला को जरूर पता होनी चाहिए ये बात

महिलाएं दिन भर काम करती हैं और लगातार होने वाली थकान को काम की थकान समझ कर नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन यह शरीर में जरूरी विटामिन और मिनरल्स की कमी का संकेत हो सकता है। महिलाओं का स्वास्थ्य पुरुषों की तुलना में कई तरह से अलग होता है। साथ ही पोषक तत्वों की आवश्यकताएं भी भिन्न होती हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए विटामिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही विटामिन महिलाओं की प्रजनन क्षमता, हड्डियों की मजबूती और इम्यूनिटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो आगे चलकर बड़ी मुश्किल आ सकती है।



### क्यों जरूरी टेस्ट

महिलाओं के शरीर में अक्सर जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की कमी देखी जाती है। शरीर में इनकी कमी के कई लक्षण व संकेत भी नजर आने लगते हैं। विटामिन टेस्ट कराने से यह पता लगाया जा सकता है कि आपके शरीर में किन विटामिनों की कमी है। यह जानकारी आपको उचित उपचार कराने में मदद करती है। इसके माध्यम से आप अपने शरीर में पोषण संबंधी कमियों का पता लगा सकती हैं। वहीं कुछ समस्याओं, जैसे- एनीमिया, जो कि विटामिन की कमी से होती है, उसका उपचार करा सकती हैं। समय रहते जब आप डॉक्टर से सलाह लेती हैं तो इन समस्याओं का आसानी से निदान कर पाती हैं।

### महत्वपूर्ण पोषक तत्व

विटामिन डी हड्डियों की मजबूती, प्रतिरक्षा प्रणाली और मूड को बेहतर बनाता है। विटामिन बी12 लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है। फोलिक एसिड गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के विकास के लिए जरूरी है। आयरन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। वहीं कैल्शियम हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए आवश्यक होता है। इनकी कमी आपको परेशानी में डाल सकती हैं।

### कब कराएं टेस्ट

अनियमित मासिक धर्म, हमेशा थकान रहना और बालों का लगातार झड़ना शरीर में विटामिन की कमी का संकेत होते हैं। ऐसे में जब आप इन समस्याओं का सामना करें तो अपना विटामिन टेस्ट जरूर कराएं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान भी विटामिन टेस्ट कराना सही होता है। इससे आपको सही समय पर जरूरी विटामिन की कमी का पता लग जाता है।

### डाइट में विटामिन

विटामिन विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में पाए जाते हैं, जैसे कि हरी पत्तेदार सब्जियां और फल आदि। ब्रोकली, पत्ता गोभी, कीवी, अंगूर, सोयाबीन और ऑलिव ऑयल में विटामिन के पाया जाता है। इसके साथ ही लाल और पीले रंग की सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और अन्य स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जैसे- शिमला मिर्च, टमाटर और गाजर आदि।

### ध्यान रखें

कई महिलाएं दूसरों के कहने पर खुद ही विटामिन सप्लीमेंट लेना शुरू कर देती हैं, जो कि गलत है। आप हमेशा विटामिन सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर ही लें।

### साल में एक बार टेस्ट जरूरी

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रभाकर भूषण मिश्रा कहती हैं, महिलाओं में विटामिन्स की कमी काफी देखी जाती है। खासकर वे महिलाएं, जो शाकाहारी होती हैं या हाल ही में मां बनी हैं। ऐसी महिलाएं पर्याप्त मात्रा में दूध नहीं पीती हैं, जिस वजह से उनमें विटामिन बी12 की कमी हो जाती है। ऐसे में जरूरी है कि साल में एक बार विटामिन टेस्ट जरूर कराएं। अगर लंबे समय तक आप विटामिन्स की जांच नहीं करातीं तो दिल से जुड़ी बीमारी, मेंटल हेल्थ और पाचन समेत कई बीमारियों के संपर्क में आ सकती हैं। सही स्वास्थ्य के लिए महिलाओं के शरीर में विटामिन्स के साथ अन्य पोषक तत्वों का स्तर भी सामान्य होना जरूरी है। समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## Highlights

1. 'This Is Blessing of Baba...,' says BJP leader on Ansari's death
2. Dr. Jitendra Singh offers condolences after Jammu-Srinagar tragedy
3. Sunil Jakhar: Who will buy ₹5k thing for ₹25Cr?
4. Delhi Traffic alert: Bus breakdown on Mathura road
5. 10 people killed as cab falls into 300-feet gorge in J&K's Ramban
6. Delhi police uncover major sex trafficking racket in Vasant Kunj
7. Dissidence forces Congress To cancel events in Karnataka districts

# 'Not just Aai, Indian kids also saying 'AI' as their first word': PM Modi tells Bill Gates



**NEW DELHI, (Agency).** PM Narendra Modi interacted with Microsoft co-founder Bill Gates as they talked about India's digital revolution, role of Artificial Intelligence and UPI. Speaking about the role of Artificial Intelligence in today's time, PM Modi jokingly said that kids in India have become so advanced that they are saying 'AI' as their first word.

He said, "In India, we call mother 'aai' in most of the states and now some advanced kids are saying AI as their first word...it's a joke but aai and AI sound similar'.

PM Modi on AI use in India

AI use in the country and said, "I used AI during the G20 Summit for language interpretation." He reflected on how all his drivers downloaded an AI app during the G20 Summit which they used to communicated with various foreign guests who came to India to attend the Summit.

Demonstrating the use of AI on his Namo app to Bill Gates, PM Modi asked Bill Gates to take a selfie via the Namo app.

***PM Modi on challenges that AI poses-*** PM Modi also cautioned about the deceptive potential of deepfake technology and stressed the need for labelling such content and providing complete source. Advocating for the establishment of a well-considered legal framework to regulate AI and deepfake technology, he said, "Our priority is to enhance the quality of life rather than merely focusing on services. In sectors like health, agriculture, and education, we have taken significant strides. For instance, India has established 2,00,000 Arogya Mandir Health Centres in villages and interconnected them with leading hospitals using modern technology."

# PhonePe users can now make UPI payments in UAE: All you need to know

**NEW DELHI, (Agency).** PhonePe App users travelling to the UAE can now make payments using UPI at Mashreq's NEOPAY Terminals, the firm said. The transactions will be facilitated by the Unified Payments Interface (UPI) and the account debit will occur in Indian rupee while showing currency exchange rate, PhonePe said in a statement.

PhonePe CEO for International Payments, Ritesh Pai said, "With this partnership, customers can now conveniently transact through UPI, a payment method they are familiar with.




Enabling digital payments not only reflects PhonePe's commitment to convenience but also embraces the evolving needs of today's travellers."

NEOPAY Terminals are already available in retail stores, dining outlets, as well as tourist and leisure attractions.

The collaboration is facilitated through Mashreq's partnership with NPCI International Payments Limited (NIPL) under which Mashreq has enabled NEOPAY Terminals to accept UPI apps as a payment instrument.

Vibhor Mundhada, CEO of NEOPAY at Mashreq, said, "We are delighted to collaborate with PhonePe to offer yet another new payment solution for Indian tourists and visitors in the UAE, helping further cement the already strong financial relations between the two countries.

# बेटा घर पहुंचा तो जमीन पर पड़ी थी मां, संदिग्ध मौत

## दूसरी महिला ने हादसे में घायल होने के बाद दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाली एक महिला का शव उसके कमरे में संदिग्ध मिला। रात में बेटा घर पहुंचा तो वह जमीन पर पड़ी थी। गले में कपड़े का फंदा था। बेटे को लगा मां सोते हुए गिर गई होगी। उसने उठाकर बिस्तर पर लेटा दिया। शरीर में हलचल नहीं होने पर कुछ देर बाद बहन को कॉल कर जानकारी दी।**

पुलिस के मुताबिक माहिला का नाम लीलाबाई पति कमल चौहान है। वह मूसाखेड़ी की रहने वाली थी। रात दो बजे परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों के मुताबिक लीलाबाई के गले में फंदा लगा हुआ था। संभवत फांसी लगाने से उसकी मौत हुई है।

बेटी पूजा ने बताया कि लीलाबाई मजदूरी का काम करती है। बेटा नितिन नौकरी करता है। रात में नितिन काम से आया और दोस्तों के साथ चला गया था। फिर वह रात 1 बजे घर लौटा था। देखा तो मां कमरे में पड़ी थी। गले में कपड़ा लपटा था। उसे लगा मां पलंग से गिर गई होगी। उठाया और बिस्तर पर लेटा दिया। पानी के लिए पूछा। जबाव नहीं मिला तो हिलाना-ढुलाना शुरू किया। शंका होने पर रात 2 बजे हमें फोन कर हमें बुलाया। रात में आजाद नगर थाने पर भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां को एमवाय पहुंचाया था।

### चूड़ी के टुकडे और टूटा कांच मिला

लीलाबाइ की बेटी पूजा का कहना है कि पिता बेटमा के आगे दौलता बाग में रहते हैं। वह यहां सब्जी बेचते हैं। कमरे में कांच के टुकड़े और टूटी चूडियां मिली है। मां की मौत संदिग्ध है। क्योंकि वह आत्महत्या नहीं कर सकती।

### सडक़ हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

उधर, चोखी ढाणी के पास रहने वाली एक महिला की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह अपने बेटे ओर बेटी के साथ 12 दिन पहले खरगोन बाइक से घर आ रही थी। तभी सिमरोल में बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद से तीनों का एमवाय में उपचार चल रहा था। सिमरोल पुलिस के मुताबिक मुन्नीबाई पति रायसिंह उनकी बेटी ममता ओर छोटे बेटे नीलू को 17 मार्च को उपचार के लिये चलते एंबुलेस से एमवाय भेजा गया। यहां मुन्नीबाइ की हालत गंभीर थी। उपचार के चलते यहां रात करीब 1 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मुन्नीबाइ के परिवार के लोगो ने बताया कि खरगोन के अम्बा में भी उनका पुश्तैनी मकान है। यहां मकान के निर्माण का काम चल रहा था। भाई बहन ओर मां वहां काम देखने गए थे। घटना के दिन वही से वापस आ रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। मुन्नीबाइ के तीन बेटे है अभी तक टक्कर मारने वाले वाहन को लेकर जानकारी सामने नही आई है।

# 5 लाख के लिए महिला ने किया ब्लैकमेल

## पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर महिला के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। आरोपित महिला अलग-अलग नंबरों से काल कर पांच लाख रुपयों के लिए ब्लैकमेल कर रही थी। अपराध शाखा द्वारा काल डिटेल की जांच की गई है।**

एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के मुताबिक एरोड्रम क्षेत्र निवासी महिला द्वारा शिकायत दर्ज करवाई थी। उनके भानजे को अनजान नंबरों से काल कर महिला ने धमकाया और भद्दे फोटो की धमकी देकर पांच लाख रुपये मांगे। अपराध शाखा ने फोन नंबरों की जांच की तो लुकरगंज प्रयागराज के उमेश मिश्रा के पाए गए। पुलिस ने गुरुवार को उमेश की पत्नी संगीता के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की। टीआइ राजेश साहू के मुताबिक काल संगीता द्वारा लगाए थे। संगीता को वीकेयर फोर यू द्वारा नोटिस भेजे, लेकिन वह उपस्थिति नहीं हुई। एडीसीपी के मुताबिक पुलिस को काल डिटेल में संदिग्ध नंबर मिले हैं जो संगीता के संपर्क में थे। कथनों के बाद ब्लैकमेलिंग और आइटी एक्ट की धारा बढ़ाई जाएगी। संगीता को सहयोग करने वाले भी आरोपित बनेंगे।

# छोटे भाई के दस्तावेज से पाई पुलिस में नौकरी

## मौत के बाद सच आया सामने, फरियादी ने कमिश्नर से की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर को फल बेचने वाले एक व्यक्ति ने वकील के साथ मिलकर शिकायत की है कि उसका भाई फर्जी तरीके से उसके डॉक्यूमेंट के आधार पर पुलिस विभाग में नौकरी करता रहा। उसकी मौत के बाद पूरे मामले की जानकारी उसे लगी है। कमिश्नर ने जांच क्राइम ब्रांच से कराने की बात कही है। कमिश्नर राकेश गुप्ता के पास वकील कृष्ण कु हार कुन्हारे पहुंचे। वह यहां कैलाश निवासी पवनपुरी को लेकर आए थे। कैलाश ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसके भाई हीरालाल की पिछले साल मौत हो गई। भाई हीरालाल इंदौर रेडियो डिपार्टमेंट में हेड कांस्टेबल के पद पर नौकरी कर रहा था। उसकी मौत के बाद पता चला कि उसने डिपार्टमेंट से जो नौकरी हासिल की थी। उसमें सभी डॉक्यूमेंट कैलाश के लगे थे। कमिश्नर ने पूरी बात सुनने के बाद शिकायत आवेदन और जानकारी ली। जो क्राइम ब्रांच भेजी गई है। इस पर अब आगे क्राइम ब्रांच जांच करेगी।

# महिला को धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुंआ इलाके में बेटी की मौत को लेकर एक परिवार ने महिला को धमकाया और मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक फरियादी संगीता पति गणेश ओवेले निवासी विद्या नगर झोपड़पट्टी की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल उर्फ कटला पिता बलिराम शिंदे,जीतू उर्फ जितेंद्र,रवि उर्फ भोला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी मेरे घर के बाहर आए और बोले कि मेरी लडक़ी गरिमा की मृत्यू तु हारे लडक़े की वजह से हो गई है। तुम मुझे एक लाख रूपए दो। मैंने कहा कि इतने रूपए नहीं है मैं आपको क्यों दूं। इस पर तीनों ने धमकाया और कहा कि हम यहां के दादा भाई हैं और मारपीट की।

# प्रतिबंधित दवाई बेचते पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को महारानी रोड से पकड़ा है वह प्रतिबंधित दवाइयों को बेचने के फिराक में घूम रहा था। उस पर कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। सेट्रंल कोतवाली थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक अजय मार्को के अनुसार आरोपी का नाम 'वाला प्रसाद पिता रामसिंह यादव निवासी गुमाश्ता नगर है। उसे प्लेटफार्म नंबर चार के सामने महारानी रोड से रात के समय पकड़ा गया। उसके पास ऐसी दवाइयां थी जो बाजार में बिकने से प्रतिंबंधित है। आरोपी से दवाइयों के बारे में पूछताछ की जा रही है कि वह कंहा से लेकर आया था।

# उज्जैन में काट रहा था फरारी

## जीआरपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जीआरपी ने हत्या की घटना में भी शामिल रहे लंबे समय से फरार एक शातिर बदमाश को उज्जैन से गिर तार किया है जो साधु बनकर फरारी काट रहा था। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि रंजीत पिता चंदू चौहान निवसी सुखलिया को गिर तार किया है। इसके खिलाफ तीन स्थायी वारंट थे। पुलिस को खबर मिली थी कि रंजीत उ'ौन में महाकाल मंदिर और चामुंडा मंदिर के पास साधु बनकर फरारी काट रहा है। इस पर उसकी दो दिन पूर्व भी घेराबंदी की थी लेकिन भाग निकला था इसके पूर्व उसके सांवेर स्थित मकान पर भी पुलिस ने दबिश दी थी लेकिन घर पर ताला लगा हुआ था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वर्ष 200& में इंदौर कोचिंग डिपो के पास एक बदमाश की हत्या हुई थी जिसमें रंजीत और उसके परिवार के सदस्य शामिल थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फरारी के दौरान इसने और कहां कंहा वारदात की।

# पूर्व पत्नी के दोस्तों ने की मारपीट

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में एक व्यक्ति के साथ उसकी पूर्व पत्नी के परिचितों ने मारपीट कर दी। घटना तब हुई जब वह वह पत्नी के सिलाई केंद्र पर गुरू बहन से बात कर रहा था। थाना बाणगंगा पुलिस ने बताया कि फरियादी विजय पांडे की शिकायत पर आरोपी पवन सोनकर और अजय जायसवाल के खिलाफ मारपीट और हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि उसका पत्नी साधना से तलाक हो चुका है और वह अलग रहती है। वह सिलाई सेंटर चलाती है जब वह सिलाई सेंटर के सामने से गुजर रहा था वहीं पर उसे गुरू बहन 'योति मिल गई वह बात कर रहा था तभी साधना आई और आपत्ति ली। इसी दौरान साधना के परिचित पवन सोनकर और अजय जायसवाल वहां आ गए और विवाद कर मारपीट कर दी।

### हेल्पर गाड़ी के पास मृत मिला

**इंदौर**। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को तरबूज की गाड़ी लेकर चोइथराम मंडी आए एक हेल्पर की संदिग्ध मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रहलाद पिता छतरसिंह निवासी बुरहानपुर के शव का जिला अस्पताल में पीएम हुआ। वह तरबूज की गाड़ी पर हेल्पर का काम करता था। कल वह ड्राइवर के साथ इंदौर आया था। ड्राइवर गाड़ी के कैबिन में सोया और वह गाड़ी की छत पर सोया हुआ था। रात को ड्राइवर की नींद खुली तो गाड़ी से 20 फीट दूर प्रहलाद की लाश पडी थी। वह गाड़ी से 20 फीट दूर कैसे गया यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों से पर्दा उठ सकेगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक